न्यायालय सम्भागीय आयुक्त, बीकानेर सम्भाग, बीकानेर

अपील सं0 122/2016 अन्तर्गत धारा 75 एल.आर.एक्ट अनवान

.जुगलकिशोर पुत्र नेमचन्द जाति गहलोत निवासी करणीकृपा, हरियाणा होटल के सामने, गंगाशहर रोड़, बीकानेर ।

बनाम

महावीर पुत्र जेठमल जाति ब्राहमण निवासी कोलासर तहसील वजिला बीकानेर, स्टेट वगैरह(27)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषीयन्स जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
3.12.19	आज यह पत्रावली प्रस्तुत हुई । अभिभाषक अपीलान्ट श्री राजेश बैद उपस्थित । अभिभाषक अपीलान्ट ने वरवक्त बहस निवेदन किया कि ग्राम कोलासर तहसील, बीकानेर के नामान्तरकरण सं0 582 जो दिनांक 30.6.16 को न्यायालय तहसीलदार, बीकानेर द्वारा खारिज किया गया, के विरुध्द इस न्यायालय में यह अपील प्रस्तुत होकर विचाराधीन है । उक्त अपील को अपीलान्ट आगे चलाना नहीं चाहता है, अतः अपीलान्ट की यह अपील Not press में खारिज फरमाई जावे । हमने अभिभाषक अपीलान्ट के निवेदन पर पत्रावली का अवलोकन किया । यह प्रथम अपील ग्राम कोलासर तहसील बीकानेर के दर्ज बैयनामा नामान्तरकरण सं. 582 को न्यायालय तहसीलदार, बीकानेर द्वारा दिनांक 30.6. 2016 के आदेश द्वारा खारिज किया गया, के विरुध्द प्रस्तुत होकर इस न्यायालय में विचाराधीन है । अभिभाषक अपीलार्थी के अनुसार अपीलान्ट इस अपील को आगे नहीं चालाना चाहता हैं, इस कारण अभिभाषक अपीलान्ट ने उक्त अपील को नोट प्रेस में खारिज करने हेतु निवेदन किया है । अतः यह अपील अपीलान्ट अभिभाषक अपीलान्ट के निवेदन पर Not press में खारिज की जाती है । आदेश की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड वापिस प्रेषित हो । पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । आदेश आज दिनांक 3.12.19 को खुले न्यायालय सुनाया गया । सम्भागीय आयुक्त बीकानेर	Not Press

Signature Not Verified
Digitally signed by Hanuman Sahai Meena
Date: 2019.12.12 17:11:47 IST
Reason: SelfAttested